स्व° ठा° मं°सिं° शा° म° वि° पानखम्हरिया

अर्धवार्षिक परीक्षा 2022-23

विषय - हिन्दी साहित्य

पूर्णांक - 75 } कक्षा - बी ए° प्रथम वर्ष

प्रश्न पत्र - प्रथम एवं द्वितीय

सभी प्रश्नों के हल करना अनिवार्य है :-

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश एवं पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - (24)

1. सतगुरु मिल्या त का भया, जे मनि पाड़ी भोल।
पासि बिनंठा कप्पड़ा, क्या करै बिचारी चोल ॥
चौंसठि दीवा जोइ करि, चौदह चंदा मांहि।
तिंहि घरि किसकौ चानिणौ, जिहिं घरि गोविन्द नांहि ॥

2. उद्धव ! यह मन निश्चय जानो।
मन क्रम बच मैं तुम्हें पठावत ब्रज को तुरत पलानो।
पूरन ब्रम्ह, सकल अविनासी ताके तुम हो ज्ञाता।
रेख न रूप, जाति, कुल नाहीं जाके नहिं पितु माता।
यह मत दै गोपिन कहँ आवहु बिरह - नदी में भासति।
सूर तुरत यह जाय कहौ तुम ब्रम्ह बिना नहिं आसाति ॥

3. आधी रात बीत चुकी थी। रमानाथ आनंद की नींद सो रहा था। जालपा ने छत पर आकर एक बार आकाश की ओर देखा। निर्मल चाँदनी छिटकी हुई थी - वह कार्तिक की चाँदनी जिसमें संगीत की शांति है, शांति का माधुर्य और माधुर्य का उन्माद जालपा ने कमरे में आकर अपनी सन्दूकची खोली और उसमें से वह काँच का चन्द्रहार निकाला जिसे एक दिन पहले पहनकर उसने अपने को धन्य माना था। अब इस नये चन्द्रहार के सामने उसकी चमक उसी भाँति मन्द पड़ गई थी, जैसे इस निर्मल चन्द्रज्योति

P.T.O.

Page No.
Date :

के सामने तारों का आलोक। उसने उस नकली हार को तोड़ डाला और उसके दानों को नीचे गली में फेंक दिया, उसी भाँति जैसे पूजन समाप्त हो जाने के बाद उपासक मिट्टी की बाँधियों को जल में विसर्जित कर देता है।

प्रश्न 2. जायसी की काव्यगत विशेषताओं की विवेचना कीजिए। (8)

प्रश्न 3. कहानी कला के तत्वों के आधार पर "आकाशदीप" कहानी की आलोचना कीजिए। (9)

प्रश्न 4. प्रेमचन्द की कहानी-कला की विशेषताओं को लिखिए। (9)

प्रश्न 5. लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (12)

1. निर्गुण भक्ति साहित्य की विशेषताएँ लिखिए।
2. सूरदास की काव्यगत विशेषताएं लिखिए।
3. विद्यापति की भाषा की समीक्षा कीजिए।

प्रश्न 6. निम्नलिखित अति लघुउत्तरीय प्रश्नो के उत्तर दीजिए — (13)

1. कबीर के गुरु का नाम लिखिए।
2. अष्टछाप के किन्ही दो प्रमुख कवियो के नाम लिखिए
3. जायसी द्वारा लिखित महाकाव्य का क्या नाम है?
4. दास्य भाव की भक्ति किस कवि ने की है?
5. सूर ने अपनी कविताओं में किस भाषा का प्रयोग किया है?
6. राजा रतनसेन कहाँ का राजा था?
7. जालपा को किस गहने से लगाव था?

Page No.
Date :

8. सिरचन को किस बात की ठेस लगी थी ?
9. शदल कहानी के लेखक कौन है ?
10. प्रेमचन्द के किन्हीं दो उपन्यासों के नाम लिखिए।
11. 'परदा' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।
12. चम्पा किस कहानी की नायिका है ?
13. बुधिया किस कहानी की पात्र है ?